# प्रदेश लिख रहा महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय : मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा है। यह बात मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य नगरीय विकास

- **योगी ने की 'शक्ति रसोई' की शुरुआत, बांटी आवास की चाबी**
- **समूह की सदस्यों को किट देकर सौंपी संचालन की जिम्मेदारी**

अभिकरण (सूडा) द्वारा संचालित दीन दयाल राष्ट्रीय आजीविका मिशन की 'शक्ति रसोई' योजना की शुरुआत करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने शक्ति रसोई संचालन के लिए नगर विकास मंत्री एके शर्मा के साथ समूह की चन्दा, कमला, नीलोफर व प्रीति तिवारी को किट बांटी और संचालन की जिम्मेदारी सौंपी। कहा, सरकार महिला सशक्ति व स्वावलम्बन के लिए कटिबद्ध है। महिला सशक्तिकरण व आर्थिक उन्नय के लिए डे-एनयूएलएम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों को संगठित कर महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। शक्ति रसोई के लिए समूह की महिला सदस्यों को देश व प्रदेश के प्रतिष्ठित होटलों के विशेषज्ञों ने प्रशिक्षित किया है। कैंटीन से लोगों को किफायती दरों पर पौष्टिक भोजन मिलेगा। कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, डीएम सूर्य पाल गंगवार, निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार समेत कई अधिकारी रहे।



सूडा भवन में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का मॉडल दिखाते प्रमुख सचिव अमृत अभिजात, साथ में निदेशक डॉ . अनिल कुमार। अमृत विचार

## प्रदर्शनी का अवलोकन कर किया संवाद

कार्यक्रम के दौरान डे- एनयूएलएम की तरफ से गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जूट के उत्पाद, अचार, हैन्डीक्राफ्ट, चिकनकारी आदि के लगे स्टॉल देखे और महिलाओं से संवाद कर उत्पाद तैयार करने व बिक्री संबंधित जानकारी की और प्रशंसा की।

## संजीवनी से कम नहीं शहरी आवास

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की लाभार्थी महिलाओं को चाबी बांटी। मंच पर मुख्यमंत्री के हाथ से आवास की चाबी पाकर माया, मुन्नी निषाद, लक्ष्मी देवी व छैंगा देवी के चेहरे खिल उठे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प के साथ शुरू हुई प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी ने देश में करोड़ों बेघरों को उनके सपने का आशियाना दिया है। दुर्बल आय वर्ग के लोगों के यह योजना किसी संजीवनी से कम नहीं है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट लखनऊ का लोकार्पण 1,040 परिवारों का सपना साकार किया। सूडा भवन में प्रमुख सचिव ने निदेशक के साथ लाइट हाउस प्रोजेक्ट का मॉडल देखा।